ont>

Title: Need to provide financial assistance to the Government of Maharashtra to tackle the severe drought situation in the State. − Laid.

श्री हरिभाऊ शंकर महाले (मालेगांव): अध्यक्ष महोदय, महाराट्र राज्य के 6 जिले और 77 तहसील सूखे की चपेट में हैं। जानवर को चारा और पीने का पानी तक नहीं है। मजदूरों को काम नहीं है। किसान आत्महत्या पर उतर आये हैं। सूखा निवारण करने के लिए महाराट्र सरकार प्रयास कर रही है लेकिन सूखा इतना जबरदस्त है कि आर्थिक वजह से प्रयास विफल हो रहे हैं।

मेरी आपके माध्यम से कृाी मंत्रियों को विनती है कि केंद्र की कमेटी भेजकर अकाल की परिस्थिति का जल्द से जल्द अवलोकन करें और सूखे से निपटने के लिए ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता दें।